वन उत्पादकता संस्थान, रांची

कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ के पदाधिकारियों के साथ तकनीकी हस्तांतरण हेतु कार्य योजना सम्बंधित बैठक

दिनांक 27.08.2019

वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ॰ नितिन कुलकर्णी के निर्देशन एवं समूह समन्वयक (अनुसंधान) डॉ॰ योगेश्वर मिश्रा के सफल मार्गदर्शन में संस्थान के एक समुह द्वारा दिनांक 27.08,2019 को कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ के प्रभारी अधिकारी सह वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा कृषि अभियंता के साथ किसानों/लाभुकों को सयुक्त वानिकी एवं कृषि तकनीकि हस्तांतरण हेतु कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ के कार्यालय कक्ष में एक सयुक्त बैठक हुई जिसमे भविष्य की कार्ययोजना की रूपरेखा तैयार की गई। वन उत्पादकता संस्थान रांची के विस्तार प्रभाग के श्री एस.एन.वैध. मुख्य तकनीकि अधिकारी, श्री रवि शंकर प्रसाद मुख्य तकनीकि अधिकारी, श्री बी.डी. पंडित तकनीकि अधिकारी ने बैठक में भाग लिया एवं संस्थान के निदेशक द्वारा निर्देशित भावी कार्य योजना को प्रभावी ढंग प्रस्तुत किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी कृषि-विज्ञान केंद्र बालूमाथ ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। काफी विचार विमर्श के बाद तय हुआ कि वर्तमान में चल रहे कृषि कार्य के बाद चंदवा में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए जिसके लिए नवम्बर माह का आखिरी पक्ष उपयुक्त होगा। वैज्ञानिक कृषि-विज्ञान केंद्र ने संस्थान द्वारा कार्य योजना हेतु आग्रह पत्र के लिए भी आग्रह किया।